भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 1 U 949086

<u>ट्रस्ट डीड (स्टाम्प साढे सात सौ रूपये)</u>

हमारी काफी समय से हार्दिक इच्छा रही है कि हम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान हेतु कार्य करें। इसी परिपेक्ष्य में यह विलेख आज दिनांक 29 अक्टूबर, 2014 ई0 को **राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व0 श्री सीताराम यादव निवासी ग्राम + पोस्ट धर्मपुर रत्ता तहसील चन्दौसी जिला सम्भल** द्वारा निष्पादित किया गया है। इस आशय से मैंने 25,000/– (पच्चीस हजार रूपये) ट्रस्ट को दे दिया है। मैं इस विलेख द्वारा उपरोक्त धन को ट्रस्ट का रूपया घोषित करता हूँ और अपने इस ट्रस्ट का निम्नलिखित विधान घोषित करता हूँ। जिससे कि भविष्य में इसके अनुसार कार्य हो –

1–	ट्रस्ट का नाम	–	**चौधरी सीताराम सिंह एजूकेशनल एंड चैरिटेबिल ट्रस्ट।**
2–	कार्यक्षेत्र	–	इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा।
3–	कार्यालय	–	इस ट्रस्ट का प्रधान कार्यालय **मालगोदाम रोड, चन्दौसी जिला सम्भल (उ0प्र0)** रहेगा।
4–	शाखा कार्यालय	–	ट्रस्ट की शाखाएं देश के किसी भी स्थान पर स्थापित की जा सकेंगी।
5–	उद्देश्य	–	इस ट्रस्ट के निम्नलिखित उद्देश्य होंगे –

1. मानव जाति के नैतिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक उत्थान हेतु कार्य करना।
2. कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं तकनीकी, विधि, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, मेडीकल, व्यवसायिक शिक्षा, सांस्कृतिक शिक्षा, अध्यापक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा से सम्बन्धित स्कूल, इण्टर कॉलेज, स्नातक/स्नातकोत्तर कॉलेज आदि की स्थापना करना।
3. देश विदेश में सामाजिक बुराईयों को दूर करने हेतु प्रचार एवं प्रसार करना।
4. समाज के किसी वर्ग, धर्म, जाति व समुदाय के अनाथ, असहाय बच्चों के अनाथालय की स्थापना व संचालन करना।
5. वृद्ध व्यक्तियों, विधवाओं, बेसहारा व्यक्तियों, कुष्ठ रोगियों की वित्तीय सहायता करना।
6. विकलांगो को रोजगार, चिकित्सा, शिक्षा एवं वित्तीय सहायता करना।
7. प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकम्प, आग, अकाल, महामारी व सूखे से ग्रस्त व्यक्तियों के लिये भोजन वस्त्र।

Scanned by CamScanner